मारबर्ग वायरस रोग

[स्रोत: डाउन टू अर्थ]

रवांडा ने अपने यहाँ पहली बार फैले मारबर्ग वायरस रोग (MVD) के प्रकोप को सफलतापूर्वक नियंत्रित कर लिया है तथा 42 दिनों तक कोई नया मामला सामने नहीं आने के बाद **आधिकारिक रूप से इसके समाप्त होने की घोषणा** कर दी है।

- MVD एक गंभीर और **घातक रक्तस्रावी बुखार** है, जो **मारबर्ग वायरस** के कारण होता है, जिसमें मृत्यु दर बहुत अधिक है और वर्तमान में इसका कोई अनुमोदित उपचार उपलब्ध नहीं है।
- **संचरण:** यह **फ्रूट बैट्स (??????? ??????????) से मनुष्यों में** फैलता है, तथा संक्रमित व्यक्तियों के शारीरिक द्रव्यों के साथ सीधे संपर्क के माध्यम से फैलता है।
- **लक्षण:** MVD की शुरुआत तेज़ बुखार, गंभीर सिरदर्द और अस्वस्थता से होती है।
    - जैसे-जैसे यह बढ़ता है, यह गंभीर रक्तस्राव, सदमा और कई अंगों की विफलता का कारण बन सकता है, तथा लक्षण शुरू होने के **8-9 दिन** बाद मृत्यु भी हो सकती है।
- **निदान :** निदान की पुष्टि RT-PCR (रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन) और वायरस अलगाव जैसे परीक्षणों के माध्यम से की जाती है, जिसके लिये अधिकतम जैव-खतरे की रोकथाम की आवश्यकता होती है।
- **उपचार:** कोई अनुमोदित टीका या एंटीवायरल उपचार नहीं; **सहायक देखभाल,** जैसे पुनर्जलीकरण और लक्षण प्रबंधन, जीवन प्रत्याशा को बेहतर बनाता है।
- **नियंत्रण:** प्रमुख नियंत्रण उपायों में **सामुदायिक सहभागिता, सुरक्षित अंत्येष्टि, संपर्क अनुरेखण** और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में संक्रमण नियंत्रण शामिल हैं।
- **रवांडा के बारे में मुख्य तथ्य: यह पूर्वी-मध्य अफ्रीका** में एक स्थलबद्ध देश है, जिसे **"हज़ार पहाड़ियों की भूमि"** के रूप में जाना जाता है। यह **बुरुंडी, तंज़ानिया, युगांडा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य** के साथ सीमा साझा करता है।
    - किगाली राजधानी है। **नील और कांगो नदियाँ** रवांडा से होकर बहती हैं।

//

और पढ़ें: [मारबर्ग वायरस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marburg-virus-disease